

# शहर में झाड़ू लगाकर किया गया सेवा पखवाड़े का शुभारंभ

## कार्यक्रम में कलेक्टर सहित जनप्रतिनिधि हुए शामिल, 15 दिनों तक चलेगा सेवा पखवाड़ा



नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा अभियान का आयोजन किया गया है। अभियान के शुभारंभ अवसर पर बुधवार को कलेक्टर आदित्य सिंह, अशोकनगर पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों द्वारा नया बस स्टेण्डल अशोकनगर में स्वच्छता हेतु झाड़ू लगाकर एवं कचरा एकत्रित कर श्रमदान किया गया। साथ ही सेवा पखवाड़ा अभियान के प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही सांदीपनि विद्यालय टोरिया अशोकनगर परिसर में एक बगिया मां के नाम अभियान के तहत 75 पौधों का पौधरोपण किया गया। सेवा पखवाडा अभियान के तहत कलेक्टर आदित्य सिंह ने रघुवंशी धर्मशाला अशोकनगर के समीप आयोजित सामुदायिक स्वरच्छता हेतु श्रमदान कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डीएन सिंह, सीएमओ विनोद उन्नीतान, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास चन्द्रसेना भिड़े सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहकर श्रमदान कर स्वच्छता कार्यक्रम में भाग लिया।



### टेकरी की सफाई कर किया सेवा पखबाड़े अभियान का शुभारंभ

**शाढ़ौरा।** नगर परिषद द्वारा सेवा पखबाड़े अभियान का शुभारंभ बुधवार को किया गया। इस दौरान नगर परिषद ने ब्रहद स्वच्छता अभियान चलाया गया और प्रधानमंत्री के उद्बोधन का सीधा प्रसारण भी सुना गया। सबसे पहले टेकरी मंदीर प्रांगण की साफ-सफाई की गई, फिर शासकीय हॉस्पिटल मे सफाई अभियान चलाकर पार्क, गटर एव् ग्राउंड की साफ-सफाई की गई। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष अशोक माहोर, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि अरविंद रघुवंशी, बीजेपी मंडल अध्यक्ष अतुल रघुवंशी, सीएमओ सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



## एक साल से फरार चल रहा बलात्कार का आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**चंदेरी।** बलात्कार के एक मामले में पिछले एक साल से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार करने में चंदेरी पुलिस ने सफलता अर्जित की है। दरअसल आरोपी की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही थी, लेकिन वह हर बार बच निकलता था। आखिरकार मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उक्त आरोपी को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ 23 दिसम्बर 2024 में बलात्कार का मामला दर्ज हुआ था। घटना के बाद से ही वह फरार चल रहा था। आरोपी के लंबे समय से गिरफ्तारी से बचने के कारण पुलिस ने उसके ठिकानों पर कई बार छापेमारी की, लेकिन सफलता नहीं मिली। थाना प्रभारी मनीष जादौन ने बताया कि विगत की रात आरोपी विजय पुत्र मानिक अहिरवार 34 बर्ष चंदेरी को मुखबिर की सूचना पर उत्तर प्रदेश के ललितपुर से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। वही एक अलग मामले में पुलिस ने स्थाई वारंटी आरोपी अखिलेश सिंह निवासी वराना विक्रमपुर को गिरफ़्तार किया हैं। अधिकारियों ने कहा है कि इस तरह के गंभीर अपराधों में शामिल लोगों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा और फरार अपराधियों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। उक्त गिरफ्तारी में थाना प्रभारी मनीष जादौन, एसआई जूली रघुवंशी, आरक्षक योगेंद्र रघुवंशी, आनन्द, संतोष त्यागी रहे।

## स्वच्छता को दैनिक जीवन में अपनाएं : बृजेंद्र यादव



नवभारत न्यूज

**बहादुरपुर।** बुधवार को कस्बे के गणेश घाट कैथन नदी पर जनपद पंचायत मुंगावली द्वारा सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों का सम्मान भी किया जाकर प्रधामंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को एलईडी के माध्यम से सुना गया। कार्यकम विकासखंड स्तरीय था। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक बृजेंद्र सिंह यादव, एसडीएम इसरार खान, तहसीलदार साहिर खान, जनपद पंचायत सीईओ आलोक इटोरिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजबाबू दांगी, सरपंच धर्मेंद्र खटीक सहित अन्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर सबसे पहले गणेश घाट की सफाई की गई। इसके बाद विधायक श्री यादव ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता आपके दैनिक जीवन का हिस्सा है।

आप स्वयं भी इसे अपनाएं और सौ अन्य लोगों को भी इस अभियान से जोड़ें। उन्होंने कहा कि सिर्फ साफ सफाई का ध्यान रखने से अधिकतर बीमारियां आपके शरीर से दूर रहती हैं, समाज भी स्वच्छ रहता है, आप जहां रहते हैं, वहां भी स्वच्छता रहती है।

# रक्तदान शिविर में 56 यूनिट रक्त हुआ अर्जित

## भाजपा ने स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर से किया सेवा पखवाड़े का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी के नेतृत्व में सेवा पखवाड़े की शुरुआत की गई है। जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉ हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि बुधवार को भाजपा द्वारा जिलेभर में स्वच्छता अभियान चलाकर, स्वास्थ्य शिविर और रक्तदान शिविर लगाकर प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान नगर मंडल द्वारा एलकेटी हॉस्पिटल के सामने विदिशा रोड स्थित बालाजी के मंदिर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया, पछार मंडल द्वारा नई बस स्टैंड पर स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस दौरान पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी, मंडल अध्यक्ष सनत शर्मा सहित कार्यकर्ताओं ने साफ सफाई की एवं लोगों को स्वच्छता अपनाने का संदेश दिया। वहीं कस्तूरी गार्डन में स्वास्थ्य, रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक परिवार के मुखिया की तरह देश की



सेवा कर रहे हैं। भाजपा की केंद्र तथा राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लोग लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाज में ऐसा कोई भी जन कल्याण का कार्य नहीं है जो मोदी सरकार द्वारा नहीं चलाया जा रहा हो। ऐसे लोकप्रिय यशस्वी प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन की हम सभी कामना करते हैं। इस दौरान चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, पूर्व विधायक जजपाल सिंह नेवी संबोधित किया। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष नीरज मनोरिया, पूर्व विधायक लड्डू राम कोरी, भाजपा जिला महामंत्री नंदलाल यादव, रविंद्र लोधी, मनीष मोदी, नरेश ग्वाल, शीला जाटव, रीना यादव, सचिन चौधरी, सलिल त्रिपाठी, धर्मेंद्र रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कदवाया पुलिस ने गुमशुदा को 9 घंटे में किया दस्तयाब

**सूचना मिलते ही पुलिस ने की कार्रवाई**

**मुखबिर तंत्र ने किया बेहत्तर कार्य**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा गुम बालक, बालिकाओं एवं महिलाओ की दस्तयाबी की प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। जिसकें अंतर्गत अशोकनगर पुलिस द्वारा गुम बालक, बालिकाओं, महिलाओं को सायबर सेल एवं मुखबिर तंत्र से पता कर दस्तयाब किया जाकर परिवार के सुपुर्द किया जा रहा है। इसी क्रम में कदवाया पुलिस ने गुमशुदा की जानकारी लगने के बाद नौ घंटे के अंदर गुमशुदा का दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की है। दरअसल राजैश जैन निवासी ग्राम कदवाया ने रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी लडकी बिना बताए घर से कहीं चली गई है। सूचना मिलते ही पुलिस जांच में जुट गई और लगातार प्रयास एवं सूचनातंत्र से लापता लडकी को 9 घंटे में गुना से दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कदवाया निरीक्षक नवल सिहं चौधरी, सहायक उप निरीक्षक अजय तिवारी, प्रधान आरक्षक राम सिहं, आरक्षक आकाश यादव, रमेश भील, अरशद अली, मंजू मीना की उल्लेखनीय भूमिका रही।

## एक नजर में

### सोशल मीडिया पर दिनभर गूंजी महिला द्वारा पटवारी को थप्पड़ मारने की गूंज

**अशोकनगर।** बुधवार को सोशल मीडिया पर एक महिला द्वारा एक व्यक्ति को थप्पड़ मारने का वीडियो वायरल हुआ। इस वायरल वीडियों को लेकर बताया कि एक महिला ने अपने हल्के के पटवारी को गाली गलौच करते हुए थप्पड़ जड़ दिये। सुबह जैसे ही सोशल मीडिया पर यह वीडियों अपलोड हुआ, उसके चंद मिनिटों बाद यह एक के बाद एक करके लोग इस शेयर करने लगे और दिनभर इसी वीडियों की गूंज सोशल मीडिया पर सुनाई दी, चाहे वह इस प्लेट फार्म के फेसबुक हो या फिर वॉट्सअप सब जगह इसी वीडियों की चर्चा बनी रहीं। जिसको लेकर लोग तरह-तरह के कयास लगाते नजर आए।

**सीएम हेल्पलाइन और रिश्वत को लेकर हुआ विवाद:**
बुधवार को सोशल मीडिया पर जो वीडियों वायरल हुआ, उसमें महिला द्वारा अपने कार्य न होने के चलते सीएम हेल्पलाइन लगाई और अपने हल्का पटवारी की शिकायत की, जिसके बाद पटवारी ने महिला से फोन लेकर सीएम हेल्पलाइन कटवा, जब महिला को इस बात की जानकारी लगी तो उसने पटवारी को थप्पड़ जड़ दिये। बताया जा रहा है कि अपने बटांकन, सीमांकन और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में नाम नहीं जुड़ा था, वहीं इस कार्य के बदल पटवारी द्वारा उससे दो हजार रूपये की रिश्वत की मांग की गई थी।

### शिव पार्वती संवाद के साथ आज प्रारंभ होगी रामलीला

**अशोकनगर।** श्री गया प्रसाद कलाकार मंडल द्वारा लगातार 78वें वर्ष में श्री रामलीला का भव्य शुभारंभ होने जा रहा है। यह लीला गुरुवार से प्रारंभ होकर 2 अक्टूबर दशहरा तक चलेगी। लीला के उपाध्यक्ष प्रमोद जैन ने बताया की लीला को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं, 18 तारीख को रात्रि 9 बजे भगवान गणेश की वंदना के साथ मुख्य अतिथियों के कर कमलों द्वारा रामलीला का भव्य शुभारंभ किया जायेगा।

### मेरा ई-केवायसी एप से हितग्राही घर बैठे कर सकते है ई-केवायसी

**अशोकनगर।** जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिन परिवारों की राशन पर्ची का सत्यापन खाद्य विभाग द्वारा एम राशन मित्र पोर्टल पर कर दिया गया है। ग्रामपंचायत /वार्ड से निर्धारित श्रेणी में आवेदन एवं स्थानीय निकाय से सत्यापन उपरांत ऐसे सभी हितग्राही अपने मोबाईल पर मेरा ई-केवायसी एप के माध्यम से अपने परिवार के सभी सदस्यो की ई-केवायसी घर बैठे कर सकते है अपनी नजदीकी शासकीय उचित मूल्य दुकान/राशन दुकान पर पीओएस मशीन के माध्यम से ईकेवायसी करवा सकते हैं। सभी ऐसे हितग्राहियों से अपील है कि जिनकी नवीन पात्रता पर्ची/नए नाम जुड़वाने हेतु सत्यापन हो चुका है वे सभी मेरा ई-केवायसी एप से तत्काल ई-केवायसी पूर्ण कर ले अथवा अपनी नजदीकी शासकीय उचित मूल्य दुकान/राशन दुकान पर पीओएस मशीन के माध्यम से ईकेवायसी कराएं, जिससे समय-सीमा में उन्हे राशन पर्ची प्राप्त हो सकें।

## 72 महिलाओं का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**कलेक्टर के निर्देश पर हुआ आयोजन**

**संतानहीन महिलाओं के लिए होगा वरदान साबित**



नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में एवं डॉ अलका त्रिवेदी सीएमएचओ के मार्गदर्शन में बुधवार को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा निशुल्क संतानहीनता निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बंसल हॉस्पिटल भोपाल की सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ रिचा समाधिया एवं उनकी टीम द्वारा महिलाओ के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। वहीं शिविर के नोडल डॉ सौरभ शर्मा ने बताया गया कि इस शिविर में 72 महिलाओं का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिनमें 28 महिलाएं को चिन्हित कर उच्चतर केंद्र हेतु संतानहिनता निवारण केंद्र पर अन्य जांच करने हेतु रेफर किया गया। इस शिविर में डॉ रिचा समाधिया, डॉ अंजना शर्मा, दीपा रजक सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## नेत्र शिविर में 24 ऑपरेशन के लिए चिन्हित

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** विधायक इंजी हरिबाबू राय के नेतृत्व में नेत्र शिविर तूमैन में आयोजित हुआ। अशोकनगर। क्षेत्रीय विधायक हरिबाबू राय ने के निर्देशन में बुधवार को श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट चिकित्सालय के सहयोग से बुधवार को ग्राम तूमैन में निशुल्क नेत्र जांच शिविर एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन चिन्हित शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने अपनी आंखो की जांच कराई। वहीं शिविर में नेत्र चिकित्सकों द्वारा 50 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चिन्हित किया गया। वहीं इन मरीजों को बस के माध्यम से लेटेरी (जिला विदिशा) भेजा गया। जहां श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट



द्वारा इनका निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। इस शिविर से उन जरूरतमंद लोगों को लाभ मिला, जो आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण महंगे नेत्र ऑपरेशन नहीं करा पाते। यह सेवा कार्य क्षेत्र की जनहित भावना और मानवता के प्रति समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण है। शिविर के दौरान विधायक श्री राय ने कहा कि क्षेत्रवासियों को नई रोशनी और जीवन में नया उत्साह मिलेगा। ऐसे सेवा कार्य समाज को सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर हैं।

**धर्म-कर्म** | **जिज्ञासा समाधान शिविर में हो रहा लोगों की जिज्ञासा का समाधान**

## जो हमें अच्छा लग रहा वह सुख का दिन पाप का बीज बनकर दुख देता है : सुधासागर

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जो हमें अच्छा लग रहा हैं वह सुख का दिन पापा का बीज बनकर दुःख देता है ये ज़रूरी नहीं हैं वह दुःख ही था पुण्य पाप का बीज वन जाता है ये मत समझना कि लोग दुश्मन बनकर बदला लेते हैं कभी कभी सगे बनकर भी दुःख देने आ जाते हैं वहीं जीवन के लिए दुःख का कारण बन जातें है बहुत सावधानी से रहना है दुनिया में। पुण्य का उदय कभी सुखदाई कभी दुखदाई हो जाता है पैसे के कारण डाकू पैसे वाले को मार देता है, भुज में जब भूकम्प आया तो जिनके बड़े-बड़े मकान हवेलीया थी वे धराशायी हो गई, उसमें रहने वाले सब ऊपर चलें



गये जिनके झोपड पट्टी थी वे गरीब सब बच गये वो अपने को उस समय सौभाग्यशाली मान रहे थे तो ये जरूरी नहीं है धन सुख ही दे, उक्त आशय के उद्गार सुभाषगंज मैदान में विशाल धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि पुगंव श्री सुधासागर जी ने व्यक्त किए। वहीं उन्होंने कहा हिंसा करना भी हमें धर्म से सीखना है धर्म तुम्हारे लिए संसार में रहना सिखायेगा संसार में हमें तय किस विधि से रहना है तो रहना कैसे हैं ये तो सीख हो पांच पाप करना सीखले धर्म से कोई बात नहीं पांच पापों से किस तरह से बच सकते किसकी हिंसा करना, कब हिंसा करना, कैसे हिंसा करना, सैनिक को चौबीस घंटे हिंसा करने की छूट दी गई है वो देश की रक्षा करने को तैयार हैं सैनिक की कभी दुर्गति नहीं बताईं सभी धर्मो शास्त्रों में आया है आज जो आप शान्ति से बैठ कर धर्म ध्यान कर रहे हैं। इसके पीछे जो दिन रात सीमा प्रहरा दे रहे ये उसी का परिणाम है कि आपका जीवन आनंद में बना है

**बिना परिग्रह के संसारी रह नहीं सकता:**

उन्होंने कहा कि जो धन से पाप करते हैं जो लोगों के घरों को धन से उजाड़े है धन के बल पर दूसरो के प्राण लेने वाले के धन का हरण हो जाये तो कोई बात नहीं क्योंकि यदि उसके पास धन रहा तो किसी के प्राणों का घात हो जायेगा दुसरा व्यक्ति दुखी पहुंच रहे हैं पाप की विधि बताई है बिना परिग्रह के संसारी व्यक्ति नहीं रह सकता इसके लिए षट्कर्म की शिक्षा दी परिग्रह पाप है पाप करने कौन सिखा रहा है तद्भव मोक्षगामी राजा रिषभ देव महापुरुष थे उन्होंने कृषि करना सिखाया तलवार चलाना सिखाया जब भी तलवार चलेगी तो कोई ना कोई का मर जाना निश्चित है फिर भी सिखाया क्यों कि हमे संसार को सुरक्षित करें।पाप के लिए भी पुण्य-धर्म तो किया था परमार्थ के लिए लेकिन जो जो कर्म संसार के लिए करेंगे निधित्ति निकाचित्त धर्म फल देकर जाता है राग किस्से कैसे कब करना है ये माचिस की काडी आग भी लगती है और दीप भी जलते हैं जिससे जगत में प्रकाश ही प्रकाश हो गया रावण जो भी पाप करने से पाप की शक्ति नहीं बढ़ेगी पाप करने के लिए पुण्य चाहिए पापियों के पाप की सफलता के लिए भी पूजा अनुष्ठान करना पड़ेगा बिना पुण्य के इस जगत में पाप भी नहीं हो सकता भगवान महावीर ने मोक्ष मार्ग की चर्चा बहुत कर्म की है महावीर के उपदेश में संसार में कैसे रहना है संसार में जीने की कला सिखाई गई है संसार में रहना सिखा रहे हैं या तो देव गति हो या मनुष्य गति मिलें इसके लिए नियम बना दिये